बिहार सरकार

ई-मेल -dpro-kh-bih@nic.in

# समाहरणालय, खगड़िया

पंचायती राज

दूरभाष- 06244-226182

## जिला पंचायत शाखा

## आदेश

अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4प/ग्रा0क0स्था0-80-07/2024/8006/ पं0रा0 दिनांक 30.08.2024 के द्वारा वैसे ग्राम कचहरी जहाँ ग्राम कचहरी सचिव का पद रिक्त है, वहाँ बिहार ग्राम कचहरी सचिव (नियोजन, सेवाशर्त्त एवं कर्त्तव्य) नियमावली, 2014 की कंडिका-03 के आलोक में संविदा पर नियोजन करने का निदेश प्राप्त है। अनुमोदित आरक्षण के आधार पर प्रखंडों में ग्राम कचहरी सचिव की रिक्तीयाँ निम्नवत है :-

| क्र0 | प्रखंड का नाम | पंचायत सं0 एवं नाम | रोस्टर बिन्दु | आरक्षण श्रेणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलौली | रामपुर अलौली | 117 | आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग | |
| | | दहमा खैरी खुटहा | 118 | पिछड़े वर्गो की महिलायें | |
| 02 | खगड़िया | रानीसकपुरा | 119 | गैर आरक्षित | |
| | | गौडाशक्ति | 120 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | |
| 03 | चौथम | रोहियार | 121 | गैर आरक्षित | |
| | | चौथम | 122 | पिछड़े वर्गों की महिला | |
| 04 | गोगरी | पैकांत | 123 | गैर आरक्षित | |
| 05 | परवत्ता | देवरी | 124 | गैर आरक्षित | |
| | | महद्दीपुर | 125 | गैर आरक्षित | |
| | | वैसा | 126 | पिछड़े वर्गी की महिला | |

अतः ग्राम कचहरी सचिव के नियोजन हेतु अनुमोदित आरक्षण रोस्टर बिहार ग्राम कचहरी सचिव (नियोजन सेवाशर्त्त एवं कर्त्तव्य) नियमावली 2014 के कंडिका-03 के आलोक में नीचे लिखे कार्यक्रम के अनुसार नियोजन की कार्रवाई सुनिश्चित करें :-

1. आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि :- 26.12.2024 से 09.01.2025
2. आवेदन पत्र प्राप्त करने का स्थल :- संबंधित प्रखंड कार्यालय।
3. प्राप्त आवेदन के आधार पर पैनल निर्माण एवं प्रकाशन :- 10.01.2025 से 13.01.2025
4. पैनल पर समिति का अनुमोदन :- 14.01.2025
5. समिति से अनुमोदनो उपरांत जिलाधिकारी, के सूचना पट पर प्रकाशन :- 15.01.2025 से 17.01.2025
6. पैनल पर आपत्ति की तिथि :- 18.01.2025 से 31.01.2025 तक
7. आपत्ति का निराकरण :- 01.02.2025 से 08.02.2025
8. अंतिम रुप से पैनल का प्रकाशन :- 10.02.2025 से 17.02.2025
9. काउन्सलिंग :- 18.02.2025 से 22.02.2025
10. चयनित सूची का प्रकाशन :- 24.02.2025
11. समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियो की संविदा पर नियोजन हेतु पत्र निर्गत करना :- 24.02.2025 से 28.02.2025

अनुलग्नक :- विभागीय नियमावली की छायाप्रति संलग्न।

ह0/-
जिलाधिकारी,
खगड़िया।

ज्ञापांक 1746 /पं0, दिनांक 17/12/24.

प्रतिलिपि :– सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, खगड़िया जिला को बिहार ग्राम कचहरी सचिव (नियोजन सेवाशर्त एवं कर्त्तव्य) नियमावली 2014 के कंडिका 03 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि आदेश की प्रति जिला के बेवसाईड पर भी प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया/गोगरी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

जिलाधिकारी,
खगड़िया।